<u>भारतीय खान ब्यूरो मुख्यालय में हिंदी पखवाड़ा–2024 का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह</u>

भारतीय खान ब्यूरो (मुख्यालय), नागपुर में दिनांक 04/10/2024 को श्री पीयूष नारायण शर्मा, मुख्य खान नियंत्रक की अध्यक्षता में हिंदी पखवाड़ा – 2024 का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप महाराष्ट्र राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, नागपुर के कुलपति प्रो. (डॉ.) विजेन्दर कुमार और विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री पंकज कुलश्रेष्ठ, मुख्य खान नियंत्रक, उपस्थित थे । साथ ही डॉ. योगेश जी. काले, खान नियंत्रक (मध्य) एवं राजभाषा अधिकारी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा कार्मिक भी इस अवसर पर उपस्थित थे ।

कार्यक्रम के आरम्भ में माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी और माननीय कोयला एवं खान मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी जी का हिंदी दिवस के अवसर पर दिया गया संदेश मंचासीन अधिकारियों द्वारा वाचन किया गया ।

सभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष श्री पीयूष नारायण शर्मा ने राजभाषा हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग पर बल दिया और कहा कि अन्य भाषा की तरह हिंदी भाषा की भी अपनी कोमलता और सरसता है। उन्होंने आगे कहा कि हिंदी के विकास में भारतीय चित्रपट की भी महत्वपूर्ण एवं प्रभावी भूमिका रही है। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कृत कार्मिकों को बधाई दी ।

इसके पूर्व सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) विजेन्दर कुमार ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी भाषा का हमारे जीवन में अत्यंत की महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि हिंदी के अधिकाधिक विकास के लिए हमें इसका प्रयोग प्रतिदिन करना चाहिए।

सभा को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि श्री पंकज कुलश्रेष्ठ , मुख्य खान नियंत्रक ने कहा कि यद्यपि हम हिंदी को बढ़ाने में पूरी तरह सफल नहीं हुए हैं, परन्तु उसके लिए हमें निरंतर प्रयत्नशील रहना चाहिए । उन्होंने आगे कहा कि हमें यह सोच निर्मित करनी होगी कि हम हिंदी के द्वारा ही आगे बढ़ सकते हैं।

कार्यक्रम के आरम्भ में अपने स्वागत भाषण में डॉ. योगेश जी. काले, खान नियंत्रक (मध्य) एवं राजभाषा अधिकारी ने संपर्क भाषा के रूप में हिंदी की महत्ता बतायी। उन्होंने आगे कहा कि आज हिंदी विदेशों में भी काफी प्रचलित है और विश्व भाषा के रूप में इसने अपना महत्वपूर्ण स्थान बना लिया है।

श्री अभिनय कुमार शर्मा, संपादक ने भारतीय खान ब्यूरो मुख्यालय में गत वर्ष के दौरान हिंदी सम्बन्धी कार्यों की उपलब्धियां सभा के समक्ष पढ़कर सुनायी।

कार्यक्रम के दौरान राजभाषा विभाग द्वारा जारी राजभाषा हिंदी से संबंधित लघुवृत्त चित्र और माननीय गृहमंत्री द्वारा जारी राजभाषा हिंदी से संबंधित डाक टिकट की प्रतिकृति का भी प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर मंचासीन महानुभावों द्वारा भारतीय खान ब्यूरो मुख्यालय की हिंदी गृह पत्रिका 'खान भारती' के 11 वें अंक का विमोचन भी किया गया।

राजभाषा विभाग के निदेशानुसार एवं महानियंत्रक, भारतीय खान ब्यूरो के अनुमोदन से भारतीय खान ब्यूरो (मुख्यालय), नागपुर में दिनांक 14/09/2024 से दिनांक 30/09/2024 तक हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया गया। हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित की गई विभिन्न हिंदी विषयक प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को अध्यक्ष, मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं राजभाषा अधिकारी द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। विभिन्न हिंदी विषयक प्रतियोगिताओं में भारतीय खान ब्यूरो के कार्मिकों ने बढ़ - चढ़कर हिस्सा लिया।

हिंदी पखवाड़ा के पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह का संचालन श्री विनय कुमार सक्सेना, वरिष्ठ पुस्तकालय एवं सूचना सहायक ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन श्री सुबोध कुमार, आशुलिपिक द्वारा दिया गया। उक्त समारोह के सफलतापूर्वक आयोजन में हिंदी अनुभाग के श्रीमती मिताली चटर्जी, सहायक निदेशक (राजभाषा), श्री असीम कुमार, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी, श्री किशोर डी. पारधी, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी, श्रीमती वीनू खत्री, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी, श्री प्रदीप कुमार सिन्हा, उच्च श्रेणी लिपिक तथा श्री एम.एन. मोरे, प्रेसमैन का पूर्ण योगदान रहा।

समारोह

ब्यूरो,

खान भारती
डॉ. योगेश जी. काले
प्रो. (डॉ.) बिजेंदर कुमार
पीयूष नारायण शर्मा

खान ब्यूरो, नागपुर